**दिनांक 19.01.2024 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति, हर घर जल ग्राम घोषित किये जाने तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 19.01.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से भारत रत्न डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार कक्ष, कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें:-

1. श्री राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), हमीरपुर।
2. श्री धीरेन्द्र प्रताप मौर्य, अवर अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
3. श्री आशीष बाजपायी, अवर अभियंता (इले0 एण्ड मैके0), एस0डब्लू0एस0एम0, हमीरपुर।
4. श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
5. श्री आर0के0शुक्ला, सुपरविजन इंजी0, आरवी एसो0 (पी0एम0सी0), हमीरपुर।
6. श्री अभिषेक कुमार वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0-एस0पी0एम0एल0(जेवी)।
7. श्री शैलेन्द्र प्रकाश गुप्ता, ए0जी0एम0, एस0पी0एम0एल0-जे0डब्लू0आई0एल0(जेवी)।
8. श्री मयूर जैन, इंजीनियर, एस0पी0एम0एल0-जे0डब्लू0आई0एल0(जेवी)।
9. श्री राष्ट्रपाल नागले, डी0पी0एम0 श्री हरि इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स।
10. श्री आशुतोष, एम0डी0, जय माँ लक्ष्मी कन्सट्रक्सन।



अवर अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हमीरपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 02 पेयजल योजना-**(1) पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत)**, आच्छादित 131 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं एवं 17 राजस्व ग्राम में वाटर डिमांड ली गयी है **(2) हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना** निर्माणाधीन हैं। हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 02 परियोजनाएं-**(i)** हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना सतही स्त्रोत **(ii)** हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना, नलकूप आधारित संचालित हैं, जिनमें कुल 193 ग्राम सम्मिलित हैं तथा 11 ग्रामों में वाटर डिमांड ली गयी है।

## पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना

अवर अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना में 131 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं एवं 17 राजस्व ग्राम में वाटर डिमांड ली गयी है, जिसमें विकास खण्ड मौदहा के 82 एवं विकास खण्ड सुमेरपुर के 66 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। उपरोक्त परियोजना में 01 इन्टेकवेल, 01 डब्लू0टी0पी0, 10 सी0डब्लू0आर0, 46 अवर जलाशय 306.63 किमी0 राइजिंगमेन, 908.886 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 47940 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्नवत है:-

फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि **इन्टेकवेल** (45 एम0एल0डी0), **डब्लू0टी0पी0** (45 एम0एल0डी0) तथा सभी **10 सी0डब्लू0आर0** का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

**पम्प हाउस:-** फर्म SPML-JWIL(JV) के एसी0 जनरल मैनेजर द्वारा बताया गया कि योजना में 10 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 08 नग पम्प हाउस का सिविल तथा विद्युत यांत्रिक कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष 02 नग पम्प हाउस (मकरॉव तथा चन्दपुरवा बुजुर्ग) का कार्य प्रगति पर है, चन्दपुरवा पम्प हाउस पर पेंट का कार्य तथा मकरॉव



Scanned with OKEN Scanner

पम्प हाउस पर प्लास्टर का कार्य प्रगति पर है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि 30.01.2024 तक **पम्प हाउस** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पम्प हाउस कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मैनपावर लगाते हुए स्वीकृत ड्राईंग एवं डिजाइन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार अवशेष कार्यो अविलम्ब पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अवर जलाशय:–** फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 46 नग अवर जलाशयों का निर्माण किया जाना है, जिसमें कुल 37 अवर जलाशयों का टॉप डोम कार्य पूर्ण हो चुका है, 09 अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। अवर अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा बताया गया कि पूर्ण किये गये अवर जलाशयों में से मात्र 16 अवर जलाशय फंक्शनल हैं, 21 अवर जलाशय अभी कियाशील नहीं हैं, पूर्ण किये गये अवर जलाशयों में 07 नग पर पाइप फिटिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया हैं। अवशेष अवर जलाशयों में से 09 अवर जलाशय जिगनौड़ा, उपरी सायर, भमौरा, रतौली, चंदौखी, दरियापुर, मकरॉव, अतरार, उजनेड़ी अभी तक 35–60% कार्य किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–26.01.2024 तक 06, 02.02.2024 तक 04, 09.02. 2024 तक 06 तथा 16.02.2024 तक 05 अवर जलाशयों** को फंक्शनल कर दिया जायेगा। **दिनांक–25.02.2024 तक 04 तथा दिनांक 19.03.2024 तक 05 अवर जलाशयों** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया, विगत सप्ताह से अवर जलाशयों की प्रगति शून्य है तथा फर्म को निर्देशित किया कि सभी अवर जलाशयों पर पर्याप्त टीमें लगाकर एक साथ समान्तर रूप से कार्य करायें, जिन अवर जलाशयों में पाइप फिटिंग का कार्य शेष है तथा जिनमें केवल 35–60% तक कार्य किया गया है, पर्याप्त मानवश्रम लगाकर कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा निर्धारित कलर कोड के अनुसार अवर जलाशयों को कलर कराया जाय तथा पेयजल की आपूर्ति अवर जलाशयों के माध्यम से कराई जाय। जिलाधिकारी महोदय ने अवर/अधिषासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), महोबा को निर्देशित किया फर्म से साप्ताहिक कार्ययोजना प्राप्त, कार्ययोजना के अनुसार अवर जलाशयों को यथाशीघ्र पूर्ण कराते हुए फंक्शनल कराया जाय।

अवर अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया है कि कार्यदायी फर्म द्वारा वर्तमान में मात्र 09 स्थलों पर कैम्पस डेवलपमेंट का कार्य किया जा रहा है, पर्याप्त मानवश्रम के आभाव में कार्य में आपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि अविलम्ब पर्याप्त मानवश्रम लगाकर एक साथ सभी कैम्पस डेवलपमेन्ट का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

**राइजिंगमेन एवं वितरण प्रणाली:–**फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित राइजिंगमेन 306.36 किमी0 के सापेक्ष 305.97 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य तथा प्रस्तावित वितरण प्रणाली 908.886 किमी0 के सापेक्ष 904.40 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, वर्तमान में लगभग 05 किमी0 पाइप बिछाया जाना शेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाइपलाइन बिछाये जाने की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया कि विगत डेढ़ माह में 11 टीमें लगाकर मात्र 01.4 किमी0 राइजिंगमेन बिछायी गयी है। कार्यदायी फर्म द्वारा आवश्वासन दिया गया कि **दिनांक–02.02.2024 तक 01 किमी0 व दिनांक–09.02.2024 तक 01 किमी0, 16.02.2024 तक 01 किमी0, 29.02.2024 तक 01 किमी0, 29.02.2024 तक 01 किमी0** पाइप लाइन बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेगा। कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि पाइप लेइंग हेतु पर्याप्त टीमें लगाते हुये अवशेष पाइप लाइन बिछाने तथा गैप क्लोजिंग का कार्य कार्ययोजना के अनुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**FHTC कनेक्शन:–** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 47940 FHTCके सापेक्ष 46102 नग FHTC का कार्य पूर्ण किया गया है। विद्यालयों में 43, ऑगनबाड़ी केन्द्रों में 14 तथा ग्राम पंचायत तथा सार्वजनिक स्थानों पर 141 नल संयोजन किये गये हैं। जिलाधिकारी महोदय FHTC की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया कि लगभग 01 माह से नल संयोजन की प्रगति लगभग शून्य है। जिलाधिकारी महोदय ने फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य को गम्भीरता से लेते हुए पर्याप्त टीमें लगाकर पाइप फिटिंग/नल संयोजन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा जिन स्थानों पर MDPE का कार्य किया गया है, किन्तु कनेक्शन GI Pipe से जोड़ा नही गया है, कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें। अवर/अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि नल संयोजन पूर्ण किये गये ग्रामों में सत्यापन करा लें कि कोई मोहल्ला/परिवार छूटा नहीं है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा ऑगनबाड़ी केन्द्रों/विद्यालयों/



Scanned with OKEN Scanner

शासकीय भवनों/सार्वजनिक स्थलों पर नल संयोजन किये जाने की प्रगति पर खेद व्यक्त किया गया तथा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर ऑगनबाड़ी केन्द्रों/शासकीय पाठशालाओं में नल संयोजन कराना सुनिश्चित किया जाय। अवर/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), महोबा तथा सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 को निर्देशित किया गया कि ऑगनबाड़ी केन्द्रों/विद्यालयों/शासकीय भवनों/सार्वजनिक स्थलों पर कराये गये नल संयोजनों की सूची प्राप्त कर सत्यापन करते हुए आख्या उपलब्ध करायें।

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंगः–** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 107 राजस्व ग्रामों में फ्लशिंग व टेस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, तथा 57 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। अवर अभियंता जल निगम ग्रामीण, महोबा द्वारा बताया गया कि पर्याप्त टीमें न होने के कारण सभी ग्रामों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है, आवश्यक 20 टीमों के सापेक्ष 16 टीमें लगायी गयी हैं। अवर अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा बताया गया कि ग्रामों में निरंतर पेयजल आपूर्ति नहीं की जा रही है, बीच–बीच में सप्लाई बन्द कर दी जाती है अथवा सभी मोहल्लो में पानी नहीं जा रहा। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–26.01.2024 तक 15 ग्रामों, 02.02.2024 तक 10 ग्रामों, 09.02.2024 तक 15 ग्रामों में, 16.02.2024 तक 10 ग्रामों में, 23.02.2024 तक 15 ग्रामों में तथा दिनांक–29.02.2024 तक शेष सभी 11 ग्रामों** में निरंतर रूप से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कमिशनिंग की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया कि 109 ग्रामों में फ्लशिंग एवं ट्रायल टेस्टिंग का कार्य पूर्ण होने के उपरांत अभी तक केवल 57 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है तथा विगत सप्ताह से निरंतर जलापूर्ति ग्रामों की प्रगति शून्य है, जो खेदजनक है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों में गृह नल संयोजन का कार्य पूर्ण हो चुका है, कार्ययोजना के अनुसार कमिशनिंग एवं ट्रायल टेस्टिंग की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय तथा निरंतर रूप से कमिशनिंग पूर्ण किये सभी ग्रामों में जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।

**रोड रेस्टोरेशनः–** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अभी तक 96 राजस्व ग्रामों में सी0सी0 रेस्टोरेशन पूर्ण किया गया है, 35 राजस्व में कार्य शेष है तथा 30 ग्रामों बी0ओ0ई0 रेस्टोरशन कार्य किया गया है, 101 ग्राम शेष हैं, रेस्टोरेशन हेतु कुल 32 टीमें लगायी गयी हैं। अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा बताया गया कि नमामि गंगे योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी सड़कों का सत्यापन कराया गया है, फर्म द्वारा शत–प्रतिशत रोड़–रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण किये गये 96 ग्रामों की उपलब्ध करायी गयी सूची में से मात्र 16 राजस्व ग्रामों में ही रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया गया है, शेष में कहीं–कहीं पर पैच छूटे हुए हैं। फर्म द्वारा आवश्यक 42 टीमों के सापेक्ष मात्र 32 टीमें लगायी गयी हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सड़क पुर्ननिर्माण कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया कि कार्यदायी फर्म द्वारा 32 टीमें लगाकर एक भी ग्राम में सी0सी0 रेस्टोरेशन कार्य पूरा नहीं किया गया है, जो खेदपूर्ण है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **02.02.2024 तक 02, 09.02.2024 तक 02 ग्रामों, 16.02.2024 तक 02 ग्रामों में, 23.02.2024 तक 02 ग्रामों में तथा दिनांक–26.03.2024 तक अवशेष सभी ग्रामों सी0सी0** रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा तथा प्रति सप्ताह 30 ग्रामों में बी0ओ0ई0 तथा पेवर ब्लाक का कार्य पूर्ण किया जायेगा। कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि जिन–जिन राजस्व ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है, उसे पर्याप्त मानवश्रम लगाकर यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करे तथा जिस ग्राम में कार्य प्रारम्भ किया जाय नल संयोजन/पाइप लाइन/रेस्टोरेशन का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण करने के पश्चात ही टीम ग्राम छोड़े। अवर/अधिशासी अभि0, जल निगम (ग्रामीण), महोबा इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये कि **ग्राम में सत्यापन कर लिया गया है, पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क का पुर्ननिर्माण कार्य पूर्व की भॉति गुणवत्तापूर्ण करा दिया गया है तथा ग्राम में कोई भी मोहल्ला/गली रेस्टोरेशन हेतु शेष नहीं है।**

**हर घर जल सर्टीफिकेटः–**फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 49 राजस्व ग्राम के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जा चुके हैं। अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा पाइप लाइनों को ठीक करने के लिए टीमें कम लगायी गयी हैं तथा शत–प्रतिशत रोड़–रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, बीच–बीच में पैच छूटे हुए हैं, जिसके कारण हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करने में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–26.01.2024 तक 02, 02.02.2024 तक 03, 05.02.2024 तक 08, 12.02.2024 तक 7, 20.02.2024 तक 10, दिनांक–28.02.2024 तक 15, दिनांक–05.03.2024 तक 10, दिनांक–26.03.2024 तक शेष सभी 25** हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करने की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया, विगत सप्ताह से हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करने की



Scanned with OKEN Scanner

प्रगति शून्य है तथा निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन, एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण कराते हुए तथा निरंतर रूप से जलापूर्ति करते हुए ग्राम सभा की खुली बैठक कराकर कार्ययोजना के अनुसार तक कमिशनिंग कार्य पूर्ण किये सभी ग्रामों से हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**हरौलीपुर ग्राम समूह सतही एवं भूजल आधारित पाइप पेयजल योजना**

अवर अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजना के माध्यम से कुरारा के 28 ग्राम सम्मिलित है तथा 11 ग्रामों की वाटर डिमांड ली गयी है तथा हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पेयजल योजना के माध्यम से विकास खण्ड मुस्करा, सरीला, राठ एवं गोहाण्ड के 165 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं।

**हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजना–:**

हरौलीपुर सतही स्त्रोत योजनान्तर्गत 01 इन्टेकवेल (9 MLD), 01 डब्लू0टी0पी0 (8 MLD), 12 नग अवर जलाशय तथा 05 नग सी0डब्लू0आर0, राइजिंगमेन 84.084 किमी0, वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0 तथा 9636 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार विवरण निम्नवत है:–

कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि **इंटेकवेल (9 एम0एल0डी0), डब्लू0टी0पी0 (8MLD) 05 सी0डब्लू0आर0, 05 पम्प हाउस, 12 अवर जलाशय, राईजिंगमेन 84.621 किमी0, वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0, 9636 FHTC** का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। सभी 28 राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग पूर्ण कर निर्बाध जलापूर्ति की जा रही है।

**हर घर जल सर्टीफिकेट:**–कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम सतही योजना के अन्तर्गत 21 राजस्व ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जा चुका है। अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा पाइप लाइनों को ठीक करने के लिए टीमें कम लगायी गयी हैं तथा शत–प्रतिशत रोड़–रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, बीच–बीच में पैच छूटे हुए हैं, जिसके कारण हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करने में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करने की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया, विगत सप्ताह से हर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जाने की प्रगति शून्य है। फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त टीमें लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन, एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण करते हुए तथा निरंतर रूप से जलापूर्ति करते हुए ग्राम सभा की खुली बैठक कराकर **दिनांक–26.01.2024** तक अवशेष सभी 07 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**रोड़–रेस्टोरेशन:**–प्रोजेक्ट मैनेजर पी0एन0सी0 द्वारा बताया गया कि अभी तक 28 राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन पूर्ण किया गया है। अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि नमामि गंगे योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी सड़कों का सत्यापन कराया गया है, 28 ग्रामों के सापेक्ष मात्र 14 ग्रामों में ही शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया है, शेष में कहीं–कहीं पर पैच छूटे हुए हैं। फर्म द्वारा रोड़ रेस्टोरेशन हेतु आवश्यक मानवश्रम कम होने के कारण कार्य में आपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सड़क रेस्टोरेशन कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि जिन–जिन राजस्व ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है, उसे पर्याप्त मानवश्रम लगाकर **दिनांक–26.01.2024** तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा एक बार रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य प्रारम्भ करने के बाद कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण होने के पश्चात ही उस टीम उस ग्राम को छोड़े। अवर अभि0, जल निगम (ग्रामीण), महोबा इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये कि **ग्राम में सत्यापन कर लिया गया है, पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क का पुर्ननिर्माण कार्य पूर्व की भाँति गुणवत्तापूर्ण करा दिया गया है तथा ग्राम में कोई भी मोहल्ला/गली रैस्टोरेशन हेतु शेष नहीं है।**

**हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पाइप पेयजल योजना–:**

हरौलीपुर नलकूप आधारित योजनान्तर्गत 123 नग नलकूप, 118 नग अवर जलाशय, 1 नग सी0डब्लू0आर0 वितरण प्रणाली के लिए पाईप बिछाने का कार्य 977.42 किमी0, 103 नग स्टाफ क्वाटर तथा 53504 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्नवत है:–

**नलकूप:**–कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि नलकूप आधारित योजना में प्रस्तावित 123 नग नलकूप के सापेक्ष 119 नलकूपों के बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 04 नलकूप कार्य शेष है।



Scanned with OKEN Scanner

102 कार्यस्थलों पर सबमर्सिबल इन्स्टालेशन का कार्य किया जा चुका है। योजना में कुल 123 नग पम्प हाउस का निर्माण कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष 117 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 06 नग पम्प हाउस का कार्य शेष है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–26.01.2024 तक 02 तथा दिनांक–02.02.2024 तक अवशेष 02 नलकूपों** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा व **पम्प हाउस का कार्य दिनांक–15.02.2024** तक पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया, विगत सप्ताह से नलकूप व पम्प हाउस कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि मैनपावर व मशीनरी लगाकर सभी नलकूपों पर एक साथ समान्तर रूप से कार्य करायें तथा सबमर्सिबल इंस्टॉलेशन तथा पम्प हाउस का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर **दिनांक–15.02.2024** तक सभी नलकूपों को फंक्शनल करना सुनिश्चित करें।

**अवर जलाशयः**–कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 118 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 98 अवर जलाशयों पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण तथा 20 अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। अवर अभियंता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य पूर्ण किये गये 22 अवर जलाशय अभी तक फंक्शनल नहीं है तथा पाइप फिटिंग का कार्य शेष है, जिंक एलम टैंक के इन्स्टालेशन की टीम कम होने के कारण जिंक टैंक इस्टालेशन का कार्य बहुत धीमी गति से किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों के धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–02.02.2024 तक 02, 10.02.2024 तक 09, 15.02.2024 तक 06, 20.02.2024 तक 02, दिनांक–25.02.2024 तक शेष सभी 01** अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। दिनांक–10.02.2024 तक 12, 15.02.2024 तक **10, 20.02.2024 तक 07, दिनांक–25.02.2024 तक 01 अवर जलाशय को फंक्शनल कर दिया जायेगा।** जिलाधिकारी महोदय ने फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि कार्ययोजना के अनुसार सभी अवर जलाशयों पर पर्याप्त मानवश्रम लगाकर समान्तर रूप से निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें व जिन अवर जलाशयों पर पाइप फिटिंग का कार्य शेष है यथाशीघ्र पूर्ण कराते हुए सभी अवर जलाशयों को कार्ययोजना के अनुसार पूर्ण कर फंक्शनल करना सुनिश्चित करें एवं निर्धारित कलर कोड के अनुसार ही अवर जलाशयों को कलर कराया जाय तथा पेयजल की आपूर्ति अवर जलाशयों के माध्यम से की जाय। जिलाधिकारी महोदय ने अवर अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), महोबा को निर्देशित किया फर्म से साप्ताहिक कार्ययोजना प्राप्त, कार्ययोजना के अनुसार अवर जलाशयों को यथाशीघ्र फंक्शनल कराया जाय।

**वितरण प्रणाली/राइजिंगमेनः**–कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 975 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 7.30 किमी0 राइजिंगमेन के सापेक्ष 1.16 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 0.44 किमी राइजिंगमेन बिछाने का कार्य अवशेष है। अवर अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबाद्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा अभी तक गैप क्लोजिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0(जेवी) के प्रतिनिधि विगत ढेड़ माह से पाइप लाइन बिछाने की प्रगति शून्य है, जो खेदजनक है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि वितरण प्रणाली/राइजिंगमेन का कार्य **दिनांक–26.01.2024 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ अवशेष पाइप लाइन/गैप क्लोजिंग** का कार्य पर्याप्त टीमें लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाईन एवं मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

FHTC **कनेक्शनः**–एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 53504 FHTC के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 53348 HTC का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप पाइप फिटिंग/नल संयोजन का कार्य शत–प्रतिशत यथाशीघ्र पूर्ण करायें तथा जिन स्थानों पर MDPE का कार्य किया गया है, किन्तु कनेक्शन GI Pipe से जोड़ा नही गया है, कार्य **दिनांक–02.02.2024 तक** पूर्ण करायें। कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर ऑगनबाड़ी केन्द्रों/शासकीय पाठशालाओं में नल संयोजन कराना सुनिश्चित किया जाय। अवर अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), महोबा तथा सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 को निर्देशित किया गया कि ऑगनबाड़ी केन्द्रों/विद्यालयों/शासकीय भवनों/सार्वजनिक स्थलों पर कराये गये नल संयोजनों की सूची प्राप्त कर सत्यापन करते हुए आख्या उपलब्ध करायें।

Scanned with OKEN Scanner

**रोड रेस्टोरेशनः**—कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (नलकूप आधारित) 145 राजस्व ग्रामों में सी0सी0 रेस्टोरेशन किया जा चुका है तथा 20 राजस्व ग्रामों मे कार्य अवशेष है तथा 38 ग्रामों में बी0ओ0ई0/पेवर ब्लाक का कार्य किया गया है, सी0सी0/बी0ओ0ई0 हेतु 38 टीम कार्यरत है। अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर द्वारा नमामि गंगे योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी सड़कों का सत्यापन कराया गया है, फर्म द्वारा उपलब्ध करायी गयी 145 ग्रामों की सूची में से मात्र 38 ग्रामों में ही कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किये गये हैं, शेष में कहीं–कहीं पर पैच छूटे हुए हैं। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–26.01.2023 तक 03 राजस्व ग्रामों, 02.02.2024 तक 03 व दिनांक 09.02.2024 तक 03, 16.02.2024 तक 04, 23.02.2024 तक 03 तथा 29.02.2024 तक 04 राजस्व ग्रामों** में सी0सी0 रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण लिया जायेगा। इसी प्रकार **दिनांक–26.01.2024 तक 20 राजस्व ग्रामों, 02.02.2024 तक 20, दिनांक 09.02.2024 तक 20, 16.02.2024 तक 20, 23.02.2024 तक 25 तथा 29.02.2024 तक 25 राजस्व ग्रामों में बी0ओ0ई0/पेवर ब्लॉक** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सड़क रेस्टोरेशन की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया, 38 टीम लगाकर एक भी ग्राम में सी0सी0 रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। फर्म द्वारा विगत सप्ताह 29 ग्रामों में बी0ओ0ई0 कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया था, जिसके सापेक्ष मात्र 07 ग्रामों में कार्य पूर्ण किया गया है। कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि जिन–जिन राजस्व ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन/बी0ओ0ई0 का कार्य अवशेष है, साप्ताहिक कार्ययोजना के अनुसार कार्ययोजना के अनुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करे तथा रेस्टोरेशन का कार्य प्रारम्भ करने पश्चात यथासम्भव कार्य पूर्ण करने के पश्चात ही टीम ग्राम छोड़े। अवर/अधिशासी अभि0, जल निगम (ग्रामीण), महोबा इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये कि **ग्राम में सत्यापन कर लिया गया है, पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क का पुर्ननिर्माण कार्य पूर्व की भाँति गुणवत्तापूर्ण करा दिया गया है तथा ग्राम में कोई भी मोहल्ला/गली रेस्टोरेशन हेतु शेष नहीं है।**

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंगः**—कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल भूजल योजना में 165 ग्रामों के सापेक्ष 140 राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य पूर्ण कर निरंतर रूप से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। अवर अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा बताया गया कि कमिशनिंग पूर्ण किये गये सभी ग्रामों में निरंतर पेयजल आपूर्ति नहीं की जा रही है, बीच–बीच में सप्लाई बन्द कर दी जाती है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–26.01.2024 तक 01, 02.02.2024 तक 04, 09.02.2024 तक 04, 16.02.2024 तक 04, 23.02.2024 तक 05 तथा 29.02.2024 तक** 07 राजस्व ग्रामों में कमिशनिंग कार्य पूर्ण कर निरंतर रूप से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कमिशनिंग कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया, इस सप्ताह कमिशनिंग कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है तथा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल योजना जिनमें गृह नल संयोजन का कार्य पूर्ण किये गये सभी राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य पूर्ण कराते हुए निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति करायें।

**हर घर जल सर्टीफिकेटः**—कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम भूजल योजना के अन्तर्गत 80 राजस्व ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जा चुका है। अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा पाइप लाइनों की लीकेज ठीक करने के लिए टीमें कम लगायी गयी हैं तथा शत–प्रतिशत रोड़–रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, बीच–बीच में पैच छूटे हुए हैं, जिसके कारण हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करने में अपेक्षित प्रगति नहीं रही है। फर्म के प्रतिनिधित द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–31.01.2024 तक 06, 05.02.2024 तक 15, 10.02.2024 तक 15 व 15.02.2024 तक 15, 20.02.2024 तक 20, 10.03.2024 तक 14** हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 140 ग्रामों में जलापूर्ति के सापेक्ष अब तक मात्र 82 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये गये हैं, जो खेदपूर्न है, फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त टीमें लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन, एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण करते हुए तथा निरंतर रूप से जलापूर्ति करते हुए ग्राम सभा की खुली बैठक कराकर तथा साप्ताहिक कार्ययोजना के अनुसार **शत–प्रतिशत** हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

<u>पुर्नगठन पेयजल योजना</u>

अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन की पुर्नगठन योजना में 11 पैकेज के कुल 108 ग्राम आच्छादित हैं। पुर्नगठन योजना का अनुबंध अगस्त, 2023 में किया गया है तथा योजना को माह दिसम्बंर, 2023 तक पुर्ण किया जाना है।



Scanned with OKEN Scanner

**1–मै0 अनिल कुमार:–** डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 07 के अन्तर्गत कुल 03 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है, जिसमें पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना से वाटर डिमांड ली गयी है तथा योजना में 02 नलकूप, 02 अवर जलाशय, 27.19 किमी0 पाइप लाइन तथा 1663 नग नल संयोजन किया जाना है।

डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा 02 नलकूप के सापेक्ष 02 नलकूपों के ड्रिलिंग, लोवरिंग, कम्प्रेशर व ओ0पी0 यूनिट का कार्य किया गया है, 27.19 किमी वितरण प्रणाली के सापेक्ष 24.9 किमी वितरण प्रणाली बिछायी गयी है तथा 1663 नल संयोजन के सापेक्ष 1430 नल संयोजन कराये गये हैं। 02 अवर अवर जलाशयों के पायलिंग का कार्य तथा 0.70 किमी रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा पाइप लेइंग हेतु 3 टीमों के सापेक्ष 2 टीम, नल संयोजन हेतु 5 टीमों के सापेक्ष 02 टीम लगायी गयी है। फर्म द्वारा 24.9 किमी0 पाइप लाइन बिछाये जाने के सापेक्ष मात्र 10.1 किमी0 की हाइड्रोटेस्टिंग की गयी है तथा हाइड्रोटेस्टिंग हेतु कोई टीम नहीं लगायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें तथा पाइप लाइन बिछाये जाने के बाद यथाशीघ्र हाइड्रोटेस्टिंग पूर्ण कराते हुए रेस्टोरेशन कार्य पूर्व की भांति गुणवत्तपूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अवर/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण)/डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0) फर्म से साप्ताहिक कार्ययोजना/बार चार्ट प्राप्त कर, कार्ययोजना के अनुसार कार्य करायें।

**2–मै0 श्री हरि इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा0 लि0:–** अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 01, 03, 04, 06 के अन्तर्गत कुल 45 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 25 अवर जलाशय, 25 नलकूप, पम्प हाउस 25, नल संयोजन 22857 तथा 307.20 किमी0 पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य किया जाना है।

फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 307.2 किमी0 के सापेक्ष 232.5 किमी पाइप लाइन बिछायी गयी है। 25 नलकूपों के सापेक्ष 20 नलकूपों का कार्य प्रगति पर है, जिसमें 20 नलकूपों के ड्रिलिंग, लोवरिंग का कार्य तथा 17 नलकूपों पर कम्प्रेशर का कार्य व 11 नलकूपों पर ओ0पी0यूनिट का कार्य किया गया है। 22857 नल संयोजन के सापेक्ष 12855 एमडीपीई/नल संयोजन का कार्य किया गया है तथा बोरिंग हेतु 03 रिंग मशीन लगायी गयी हैं तथा 19 अवर जलाशयों पर कार्य प्रगति पर है, जिसमें 14 पर खुदाई/08 पर पी0सी0सी0 का कार्य तथा 04 अवर जलाशयों पर जी0एल0 लेवल पर कार्य प्रगति पर है।

अवर अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया योजना के समस्त अवयवों पर मानवश्रम का आभाव है। फर्म द्वारा अवर जलाशयों पर 25 टीमों के सापेक्ष मात्र 10 टीमें ही लगायी गयी है, वितरण प्रणाली पाइप बिछाने के लिए 12 टीमों के सापेक्ष 09 टीमें तथा नल संयोजन हेतु 15 टीमों के सापेक्ष 7 टीमें लगायी गयी है। बिछायी गयी 232.5 किमी वितरण प्रणाली के सापेक्ष मात्र 102.45 किमी0 की हाइड्रोटेस्टिंग की गयी है तथा हाइड्रोटेस्टिंग हेतु अलग से टीम नहीं लगायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि सभी कम्पोनेन्ट पर पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें। जिन राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन बिछाये जाने तथा हाइड्रोटेस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया पर्याप्त टीम लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्व की भॉति गुणवत्तापूर्ण करायें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि पम्प हाउस का कार्य पर्याप्त मानवश्रम लगाकर यथाशीघ्र प्रारम्भ कराया जाय। **अवर/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा कार्यदायी फर्म से साप्ताहिक कार्ययोजना के अनुसार कार्य करायें तथा फर्म को नलकूप, अवर जलाशय, वितरण प्रणाली, एफ0एच0टी0सी0 आदि की धीमी प्रगति पर अनुबन्ध की शर्तों के अनुरूप कार्यवाही कर अवगत करायें।** डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0) बार चार्ट/कार्ययोजना प्राप्त कर उपलब्ध करायें।

**3–मै0 बी0के0 कंस्ट्रक्शन एण्ड कम्पनी:–** डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 08, 09 के अन्तर्गत कुल 26 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 08 अवर जलाशय, 25 नलकूप, 193.66 किमी0 पाइप लाइन तथा 13222 नग नल संयोजन किया जाना है।



Scanned with OKEN Scanner

डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 द्वारा बताया गया कि 193.66 किमी पाइप लाइन के सापेक्ष 130.4 किमी पाइप लाइन बिछाने व 13222 नल संयोजन के सापेक्ष 8310 नल संयोजन/एम0डी0पी0ई0 का कार्य किया गया है। 25 नलकूपों के सापेक्ष 14 नलकूपों का कार्य पूर्ण तथा 11 नलकूपों पर कार्य प्रगति पर है। योजना में 14 अवर जलाशयों की मरम्मत का कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष 06 अवर जलाशयों पतारा डांडा, कुसमरा, छानी, गिरवर, सरगांव, मगरौर का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 02 अवर जलाशय ग्राम जलालपुर, इटेलिया बाजा में कार्य प्रगति पर है व 06 स्थानों पर अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। 08 नग नये अवर जलाशय के सापेक्ष सभी 08 अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है।

अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि नलकूपों पर 11 टीमों के सापेक्ष 06 टीम लगायी गयी है तथा बिछायी गयी 130.4 किमी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष केवल 90.7 किमी0 हाइड्रोटेस्टिंग किया गया है तथा हाइड्रोटेस्टिंग हेतु अलग से कोई टीम नहीं लगायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम तथा मशीनरी लगाकर नलकूप, पम्प हाउस, पाइप लेइंग, एच0एस0सी0, अवर जलाशय रिपेयरिंग आदि समस्त घटको का कार्य कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप करायें। पाइप लाइन बिछाने तथा हाइड्रोटेस्टिंग के बाद यथाशीघ्र रोड रेस्टोरेशन गुणवत्तापूर्ण कराया जाय। साथ ही साथ जिन ग्रामों के अवर जलाशयों के रिपेयरिंग कर कार्य पूर्ण कर लिया गया है, हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त कर लिया जाय। **अवर/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा/डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0) कार्यदायी फर्म से साप्ताहिक कार्ययोजना प्राप्त कर, कार्ययोजना के अनुसार कार्य करायें।**

**4–मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता, कॉन्ट्रेक्टर–** डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 02 के अन्तर्गत कुल 05 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 02 सी0डब्लू0आर0, 03 अवर जलाशय, 11 नलकूप, 11 पम्प हाउस, 68.60 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 6121 नग नल संयोजन किया जाना है।

डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि 16 नलकूपों के सापेक्ष 09 नलकूपों का कार्य प्रगति पर है, 68.80 किमी वितरण प्रणाली के सापेक्ष 45.6 किमी वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य किया गया है तथा 6121 नल संयोजन के सापेक्ष 2410 नग नल संयोजन का कार्य किया गया है।

अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा बताया गया कि योजना के समस्त घटकों पर मानवश्रम के अभाव में कार्य में आपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। नल संयोजन हेतु आवश्यक 8 टीमों के सापेक्ष मात्र 05 टीम, वितरण प्रणाली पर 06 टीमों के सापेक्ष 04 टीम, नलकूपो पर 11 टीमों के सापेक्ष 03 टीम तथा हाइड्रोटेस्टिंग के लिए अलग से कोई टीम नहीं लगायी गयी है। फर्म द्वारा अभी तक एक भी ओ0पी0 यूनिट का कार्य नहीं किया गया है। 45.6 किमी पाइप लाइन बिछाये जाने के सापेक्ष केवल 19.5 किमी हाइड्रोटेस्टिंग की गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि नलकूप बोरिंग हेतु 03 और रिग मशीन, 02 कम्प्रेशर मशीन तथा 02 ओ0पी0 लगाना सुनिश्चित करें तथा पर्याप्त मानवश्रम लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करें तथा पाइप लाइन बिछाये जाने के बाद यथाशीघ्र हाइड्रोटेस्टिंग तथा नल संयोजन कराते हुए रोड रेस्टोरेशन गुणवत्तापूर्ण करायें। **अवर/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा तथा अवर/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा/डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0) कार्यदायी फर्म से साप्ताहिक कार्ययोजना प्राप्त कर, कार्ययोजना के अनुसार कार्य सुनिश्चित करायें।**

**5–मै0 अवस्थी ट्यूबेल कम्पनी–** डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 05 के अन्तर्गत कुल 11 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 05 अवर जलाशय, 06 नलकूप, 06 पम्प हाउस, 87.162 किमी0 पाइप लाइन तथा 6140 नग नल संयोजन का कार्य किया जाना है।

डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 द्वारा बताया गया कि 06 नलकूपों के सापेक्ष 03 नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 03 पर कार्य प्रगति पर है, 87.162 किमी वितरण प्रणाली के सापेक्ष 80.5 किमी0 तथा 6140 नल संयोजन के सापेक्ष 5270 नल संयोजन/एमडीपीई का कार्य किया गया है। 05 अवर जलाशय के सापेक्ष 04 अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है।



Scanned with OKEN Scanner

अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा बताया गया कि अभी तक फर्म द्वारा 02 कम्प्रेशर मशीन के सापेक्ष 01 तथा 02 ओ0पी0 यूनिट के सापेक्ष 01 ओ0पी0यूनिट लगायी गयी है। अवर जलाशयों पर 05 टीमों के सापेक्ष 03 टीम, वितरण प्रणाली पर 06 टीमो के सापेक्ष 04 टीम, हाउस कनेक्शन पर 06 टीमों के सापेक्ष 04 टीमें तथा हाइड्रोटेस्टिंग हेतु कोई टीम नही लगायी गयी है। फर्म द्वारा बिछाये गये 80.5 किमी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष मात्र 25.2 किमी हाइड्रोटेस्टिंग किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया कि पर्याप्त रिग मशीन, कम्प्रेशर मशीन तथा ओ0पी0यूनिट लगाकर नलकूप का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें तथा पर्याप्त मानवश्रम लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें। पाइप लाइन बिछाने बाद यथाशीघ्र हाइड्रोटेस्टिंग तथा नल संयोजन पूर्ण कराते हुए रोड रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्तापूर्ण करायें। **अवर/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा तथा अवर/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा/डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0) कार्यदायी फर्म से साप्ताहिक कार्ययोजना/बार चार्ट प्राप्त कर, कार्ययोजना के अनुसार कार्य सुनिश्चित करायें।**

**6–मै0 जय माँ लक्ष्मी कंस्ट्रक्शनः**–अवर अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 10 व 11 के अन्तर्गत कुल 18 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 07 अवर जलाशय, 10 नलकूप, 10 पम्प हाउस, 211.49 किमी0 पाइप लाइन तथा 16850 नग नल संयोजन किया जाना है।

फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 211.49 किमी0 के सापेक्ष 132.2 किमी वितरण प्रणाली, 16850 नग नल संयोजन के सापेक्ष 7610 एम0डी0पी0ई0/नल संयोजन का कार्य किया गया है तथा 10 नलकूपों के सापेक्ष 07 नलकूपों के ड्रिलिंग, लोवरिंग तथा 03 नलकूपों पर कम्प्रेशर का कार्य किया गया है व 07 अवर जलाशयों के सापेक्ष 02 अवर जलाशयों पर खुदाई तथा 04 अवर जलाशयों पर जी0एल0 लेबल तक कार्य किया गया है। योजना में 09 अवर जलाशयों के रिपेयरिंग का कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष 02 अवर जलाशय सिसोलर व पचखुरा बुजुर्ग के रिपेयरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 05 अवर जलाशयों की रिपेयरिंग का कार्य प्रगति पर है, 01 अवर जलाशय की रिपेयरिंग का कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है।

अवर अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबाद्वारा बताया गया कि योजना के समस्त घटकों पर पर्याप्त मानवश्रम का आभाव है, जिसके कारण कार्य में आपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है, नलकूपों पर 06 टीमों के सापेक्ष 02 टीम, अवर जलाशय पर 07 टीमों के सापेक्ष 04 टीम, वितरण प्रणाली पर 12 टीमों के सापेक्ष 10 टीम व हाउस कनेक्शन हेतु 12 टीमों के सापेक्ष 5 टीम तथा हाइड्रोटेस्टिंग हेतु 04 टीमों के सापेक्ष कोई टीम नहीं लगायी गयी है। फर्म द्वारा अभी तक एक भी ओ0पी0 यूनिट का कार्य नहीं किया गया हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि नलकूपों हेतु पर्याप्त संख्या रिग मशीने, कम्प्रेशर मशीन तथा ओ0पी0यूनिट लगाना सुनिश्चित करें जिससे निर्धारित समयावधि के अन्दर नलकूपों का कार्य पूर्ण किया जा सके एवं पर्याप्त मानवश्रम लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें। वितरण प्रणाली पाइप बिछाये जाने के बाद यथाशीघ्र हाइड्रोटेस्टिंग तथा नलसंयोजन का कार्य पूर्ण कराते हुए रोड रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्तापूर्ण करायें तथा जिन ग्रामों में अवर जलाशयों के रिपेरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें। **अवर/सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा कार्यदायी फर्म को ओ0पी0 यूनिट न लगाये जाने तथा नलकूप, अवर जलाशय, वितरण प्रणाली, एफ0एच0टी0सी0 आदि की धीमी प्रगति पर अनुबन्ध की शर्तों के अनुरूप कार्यवाही कर अवगत करायें। अवर/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा/डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0) कार्यदायी फर्म से साप्ताहिक कार्ययोजना प्राप्त कर उपलब्ध करायें।**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम एवं आवश्यक मशीनरी लगाकर समय से प्रस्तावित कार्य निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें। रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय, जिससे जनसामान्य को असुविधा न हो तथा यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य सम्पादन में जो सड़क/सी.सी. रोड/गलियां छतिग्रस्त हो गयी हों, उनके पुर्ननिर्माण का कार्य पाइप लाइन बिछाये जाने तथा हाइड्रोटेस्टिंग के पश्चात पूर्व की स्थिति के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सम्पन्न हो गया है। अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, पी0एम0सी0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि सत्यापन करा लिया जाय



Scanned with OKEN Scanner

कि राजस्व ग्राम के सभी परिवारों में गृह नल संयोजन दिये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कोई भी परिवार छूटा नहीं है तथा राजस्व ग्राम के सभी मोहल्ला/गली/वार्ड में रोड-रेस्टोरेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। कार्ययोजना के अनुसार कमिशनिंग कराया जाय, ग्रामों में पेयजल की टेस्टिंग/ट्रायल शुरू कराने के बाद इसे बन्द न किया जाय, निर्बाध रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। ग्राम में शत-प्रतिशत कनेक्शन तथा रोड रेस्टोरेशन कराकर 'हर घर जल' ग्राम घोषित कराया जाय। ग्रामों में पेयजल आपूर्ति का रोस्टर तैयार कर उसका प्रचार-प्रसार कराया जाय। अवर अभियंता/अवर अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कराये तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

(राजेश कुमार यादव)
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर
*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

पत्र संख्या-504/न0गंगे-पेय0परि0.स0बै0(2022-23)
प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:- दिनांक-29 जनवरी, 2024

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई-मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक महोदय, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई-मेल)
4. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई-मेल द्वारा)
5. मुख्य अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी। (ई-मेल द्वारा)
6. अधीक्षण अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा को इस आशय से कि पुर्नगठन योजनाओं के अनुबंध की शर्तों के अनुरूप कार्यवाही कर अवगत करायें।
7. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), महोबा को इस निर्देश के साथ कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए 05 दिवस के अन्दर अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।
8. अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट। (ई-मेल द्वारा)
9. टीम लीडर पी0एम0सी0(आर0वी0 एसोसिएट्स)/टीम लीडर, टी0पी0आई0(सेन्सिस टेक लि0) हमीरपुर।
10. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0/जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
11. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मों को अनुपालनार्थ।
12. स्टेट हेड, पी0एन0सी0/जे0डब्लू0आई0एल0। (ई-मेल द्वारा)

29/01/2024
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner